# उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,

# कानपुर – 208001

## प्रशासकीय परिषद् की छब्बीसवीं बैठक की

कार्यवृत्त (मिनिट्स)

**बैठक संख्या : 26वीं (छब्बीसवीं)**

**बैठक स्थान : आनलाईन (जूम माध्यम से)**

**बैठक दिनांक : 17–10–2022**

**बैठक दिन : सोमवार**

**बैठक समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे**

## उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर।
## प्रशासकीय परिषद्
### छब्बीसवीं बैठक दिनांक 17–10–2022

### कार्यवृत्त

प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 17–10–2022 को ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न छब्बीसवीं बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

| क0सं0 | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव,<br>निदेशक, आई0आई0टी0–के0<br>लॉट्रोपे यूनिवर्सिटी रिसर्च एकेडमी,<br>आई0आई0टी0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री सुभाष चन्द शर्मा,<br>प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3. | डा0 अलागिरूसामी,<br>हेड टेक्सटाइल एण्ड फाइबर इंजीनियरिंग,<br>आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 शशि कान्त पी0 बोरकर,<br>प्रोफेसर एण्ड डीन एडमीनिस्ट्रेशन,<br>वी0जे0टी0आई0, मुम्बई। | सदस्य |
| 5. | डा0 जे0 वेंकट राव,<br>सी0ई0ओ0, टेक्सटाइल सेक्टर, स्किल कॉउन्सिल,<br>नई दिल्ली। | सदस्य |
| 6. | श्री श्रीगोपाल तुलस्यान,<br>उद्यमी टेक्सटाइल क्षेत्र,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 7. | श्री अजय जौहरी,<br>एडिशनल निदेशक,<br>कोषागार एवं पेंशन विभाग,<br>कानपुर नगर। | सदस्य |
| 8 | प्रो0 मुकेश कुमार सिंह,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 9. | डा0 जी0 नलनकिल्ली,<br>निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य सचिव |

निम्नलिखित सदस्य उपस्थित नहीं हो सके।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 पी0के0 मिश्रा,<br>मा0 कुलपति, ए0के0टी0यू0,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 2. | डा0 अभय करंदीकर,<br>निदेशक,<br>आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | डा0 शिखा सिंह,<br>एसोसिएट प्रोफेसर,<br>सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | डा0 डी0पी0 चट्टोपाध्याय,<br>प्रोफेसर (टी0सी0)<br>टी0आई0टी0 एण्ड एस0,<br>भिवानी हरियाणा | सदस्य |
| 5. | डा0 पी0वी0 कडोले,<br>डी0के0टी0ई0 सोसाइटीज,<br>टेक्सटाइल एण्ड इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट, इचलकरंजी। | सदस्य |
| 6. | श्री जतिन वर्मा,<br>उद्यमी टेक्सटाइल क्षेत्र,<br>कानपुर। | सदस्य |

## 26.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की पच्चीसवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टिकरण का प्रस्ताव।

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की पच्चीसवीं बैठक दिनांक 04 फरवरी, 2022 को आनलाईन के माध्यम से सम्पन्न हुई थी। बैठक का कार्यवृत्त सभी मा0 सदस्यों को Email के द्वारा प्रेषित किया गया, जिस पर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

प्रशासकीय परिषद द्वारा पच्चीसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

## 26.02 04 फरवरी, 2022 को सम्पन्न पच्चीसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से मा0 प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की प्रशासकीय परिषद पच्चीसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत हुई।

## 26.03 संस्थान की 20वीं वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों एवं 2021–22 की बैलेन्ससीट से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

संस्थान की वित समिति की बीसवीं बैठक दिनांक 28.04.2022 को प्रमुख सचिव के कक्ष में लखनऊ में ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की गयी। वित्त समिति की 20वीं बैठक के कार्यवृत एवं वर्ष 2021–22 की Balance Sheet से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई।

## 26.04 संस्थान की शैक्षिक गतिविधियों से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

शैक्षणिक वर्ष 2021–22 (94 प्रतिशत) में संस्थान में अध्ययन करने वाले छात्रों के परीक्षा परिणाम, प्लेसमेन्ट सेल के माध्यम से प्लेसमेन्ट (138 छात्रों को रखा गया), गेट 2022 परीक्षा में छात्रों के परिणाम (70 छात्र उत्तीर्ण) और शैक्षणिक गतिविधियों की सभी सदस्यों ने सराहना की।

## 26.05 मा0 न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों से परिषद को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

मा0 प्रशासकीय परिषद मा0 न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों की वर्तमान स्थिति से अवगत हुई।

## 26.06 संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

माननीय प्रशासकीय परिषद को संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। माननीय प्रशासकीय परिषद ने कार्य को शीघ्र पूरा करने

के लिए निदेशक को इसका पालन करने की सलाह दी। उपाध्यक्ष महोदय ने बताया कि निर्माण एजेन्सी को भुगतान की जाने वाली सभी राशि पूरी तरह से भुगतान हो चुकी है और केवल निर्माण कार्य पूरा किया जाना है।

**26.07 संस्थान में ए0के0टी0यू0 द्वारा संचालित पं0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यकम में हुई प्रगति से अवगत कराने का प्रस्ताव।**

ए0के0टी0यू0 के तहत डी0डी0यू0क्यू0आई0पी0 में हुई प्रगति के बारे में प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। निदेशक ने परिषद को अवगत कराया कि जो सोलर पावर सिस्टम एवं कम्प्यूटर के लिए आवंटित धनराशि प्रदान की गयी थी, उपयोग सम्भव न होने की स्थिति में ए0के0टी0यू0 को ई0आर0पी0 सर्वर प्रदान करने हेतु वापस की गयी।

**26.08 मृतक आश्रित नियमावाली के अन्तर्गत श्री अमोघ द्विवेदी के कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्ति से अवगत कराना।**

मृतक आश्रित नियमावाली के अन्तर्गत श्री अमोघ द्विवेदी के कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्ति से मा0 प्रशासकीय परिषद अवगत हुई।

**26.09 राज्य सरकार के शासनादेश के क्रम में सीनियर लेक्चरर से चयन वेतनमान में कैरियर एडवांसमेन्ट के अन्तर्गत 05 वर्ष के स्थान पर न्यूनतम 04 वर्ष की सेवा पर लाभ दिये जाने का प्रस्ताव।**

मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**26.10 क्वालिटी इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत श्री विवेक मणि त्रिपाठी को प्रतिनियुक्ति पर मानते हुये 03 वर्ष के लिए अध्ययन अवकाश अनुमन्य कराये जाने का अनुमोदन का प्रस्ताव।**

श्री विवेक मणि त्रिपाठी, सहायक प्रोफेसर को प्रतिनियुक्ति पर पी0एच0डी0 करने के लिए 03 वर्ष का अध्ययन अवकाश की अध्यक्ष द्वारा स्वीकृति को परिषद द्वारा अनुमोदित किया।

**26.11 शिक्षणेत्तर समूह 'ग' व 'घ' (तकनीकी/गैर तकनीकी) पदों पर मानक नियमावली का संसोधन व अभिमत की सैद्धान्तिक सहमति प्रदान किये जाने का प्रस्ताव।**

मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा शिक्षणेत्तर समूह 'ग' व 'घ' (तकनीकी/गैर तकनीकी) पदों पर मानक नियमावली का संसोधन व अभिमत की सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की।

**26.12 संस्थान में इनक्यूबेशन सेन्टर का "इनक्यूबेशन स्टार्टअप इनक्यूबेशन एण्ड इनोवेशन फाउन्डेशन" के नाम से कम्पनी एक्ट सेक्शन आठ के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन की अनुमति प्रदान किये जाने का प्रस्ताव।**

कम्पनी अधिनियम की धारा–8 के तहत संस्थान में इनक्यूवेशन सेन्टर को "इनक्यूवेशन स्टार्टअप इनक्यूवेशन एण्ड इनोवेशन फाउन्डेशन" के नाम से पंजीकृत करने की अनुमति दी गयी थी।

**26.13 संस्थान में वर्कशाप इंस्ट्रक्टर के पद पर नियमित नियुक्ति होने तक सेवाप्रदाता के माध्यम से नियुक्त करने का प्रस्ताव।**

संस्थान में वर्कशाप इंस्ट्रक्टर के पद पर नियमित नियुक्ति होने तक सेवाप्रदाता के माध्यम से नियुक्त करने के प्रस्ताव को 02 वर्ष/नियमित नियुक्ति अथवा इसमें से जो भी पहले घटित हो की अनुमति प्रदान की। भारत सरकार के स्किल डेवल्पमेंट कार्यक्रम से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षकों को भी अर्ह मानते हुये नियुक्ति प्रकिया में सम्मिलित करने का सुझाव दिया।

**26.14 कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत संस्थान के शिक्षकों को ए0आई0सी0टी0ई0 के 01 मार्च, 2019/ कैरियर एडवान्समेन्ट के गजट 2012 की व्यवस्था के अनुसार स्कीनिंग कमेटी की संस्तुति के कम में प्रोन्नति किये जाने का प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद ने प्रस्ताव एवं स्क्रीनिंग कमेटी की रिपोर्ट का अवलोकन किया तथा पाया कि 02 शिक्षकों (डा0 सुप्रियो चक्रवर्ती और डा0 शुभांकर मैति) के संबंध में एम0ओ0ओ0सी0 पाठ्यक्रम के संबंध में स्पष्टता न होने के कारण प्रस्ताव को अगली बैठक में स्पष्टता के साथ प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अगली बैठक के लिए निर्णय स्थगित कर दिया गया।

## 26.15 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अनुमति से अन्य किसी प्रस्ताव पर विचार।

माननीय अध्यक्ष की अनुमति से निदेशक ने बताया कि हमारे संस्थान के पूर्व छात्र (वर्ष 1987 बैच) श्री राजेन्द्र रामप्रकाश विश्नोई का निधन 2021 में हो गया। उनके परिवार के सदस्य बी0टेक0 द्वितीय वर्ष के टॉपर छात्र को उनके नाम से प्रत्येक वर्ष 20 अक्टूबर को रू0 10,000/– स्कॉलरशिप देना चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदय ने उनके प्रस्ताव की सराहना की और निदेशक से इसके लिए उन्हें धन्यवाद देने को कहा।

प्रशासकीय परिषद की बैठक अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| (डा0 जी0 नलनकिल्ली)<br>निदेशक एव सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | 31/10/22<br>(श्री सुभाष चन्द शर्मा)<br>उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर<br>एवं प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | (डा0 सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव)<br>अध्यक्ष<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर<br>एवं निदेशक, आई0आई0टी0–के0<br>लाट्रोपे यूनिवर्सिटी रिसर्च एकेडमी,<br>आई0आई0टी0, कानपुर। |
| सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान<br>कानपुर | उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी, संस्थान, कानपुर | अध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान<br>11/208, सूटरगंज, कानपुर |